भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1203

जिसका उत्तर 08.12.2021 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बिहार में बनी सड़कें

1203. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतमाला परियोजना के तहत बिहार में किन - किन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है;

(ख) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भारतमाला परियोजना के तहत पटना से कोलकाता तक प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के निर्माण की योजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) भारतमाला परियोजना के तहत बिहार में शुरू की जाने वाली परियेाजनाओं के निर्माण के विभिन्न चरणों और उन परियोजनाओं को पूरा करने की योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) बिहार राज्य में भारतमाला परियोजना चरण- I के तहत 992 किमी लंबाई की परियोजनाओं की योजना बनाई गई है। 13,720 करोड़ रुपये की लागत वाली 612 किमी लंबाई वाली 12 परियोजनाओं का कार्य सौंप दिया गया है और ये कार्य कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। आकार और जटिलता के आधार पर परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 2/3 वर्ष की समयावधि दी जाती है। पटना को कोलकाता से जोड़ने के लिए भारतमाला परियोजना चरण- I में कोई सीधा एक्सप्रेस-वे परिकल्पित नहीं है।

******